# सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली 2024/2026
# (सितंबर 2026 में सेकेंडरी 1 में प्रवेश के लिए)
# अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

## सामान्य

**(1) प्र सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन (SSPA) प्रणाली क्या है?**

उ योग्य प्राइमरी 6 (P6) छात्र SSPA प्रणाली में भाग लेकर सार्वजनिक क्षेत्र के सेकेंडरी 1 (S1) में स्थान प्राप्त कर सकते हैं। SSPA प्रणाली को दो चरणों में विभाजित किया गया है: विवेकाधीन स्थान (DP) और केंद्रीय आवंटन (CA)।

DP चरण के लिए, किसी भी जिले में सीधे SSPA में भाग लेते समय छात्र दो से अधिक भाग ले रहे सेकेंडरी स्कूलों में एक-साथ आवेदन नहीं कर सकते हैं। स्कूल अपने S1 स्थानों के 30% से अधिक को DP के रूप में आरक्षित नहीं कर सकते हैं और छात्रों को उनके शिक्षा तत्वज्ञान और विशेषताओं के अनुसार प्रवेश दे सकते हैं।

CA स्तर पर, SSPA में भाग लेने वाले छात्रों को कंप्यूटर के ज़रिए, उनके आवंटन बैंड्स, स्कूलों की माता-पिता की पसंद और यादृच्छिक संख्या के अनुसार स्कूल का स्थान आवंटित किया जाता है।

सफल DP आवेदकों को CA में दोबारा स्थान आवंटित नहीं किया जाएगा। DP और CA के आधिकारिक परिणाम जुलाई 2026 में एक ही समय पर जारी किए जाएंगे। SSPA सिस्टम के विवरण के लिए, माता-पिता EDB’s Homepage पर अपलोड किये गए SSPA सिस्टम संबंधित सूचनाओं के पत्रक और वीडियो को देख सकते हैं।

## फीडर और नामांकित स्कूल

**(2) प्र फीडर/नामांकित स्कूल में पढ़ने वाले P6 छात्र के लिए S1 में प्रवेश लेने के लिए व्यवस्थाएं क्या है?**

उ सामान्य तौर पर, पुनरावर्तक सथानों और DP की कटौती के बाद, CA चरण में, एक फीडर सेकेंडरी स्कूल को अपने फीडर प्राइमरी स्कूल (स्कूलों) के लिए शेष स्थानों का 85% आरक्षित करना होता है, और एक नामांकित सेकेंडरी स्कूल को अपने नामांकित प्राइमरी स्कूल के लिए शेष स्थानों का 25% आरक्षित करना होता है। फीडर/नामांकित स्कूल का P6 का छात्र आरक्षित स्थान के लिए योग्य होता है यदि वह नेट बैंड 1 या 2 में है और उसने भाग-B प्रतिबंधित स्कूल के विकल्पों में फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल को अपनी पहली पसंद के रूप में चुना है। यदि लिंक्ड सेकेंडरी स्कूल नेट बैंड 3 के छात्रों को स्वीकार करता है, तो सभी 3 बैंड्स के सभी छात्र योग्य होंगे। माता-पिता फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल (स्कूलों) से सीधे पूछताछ कर सकते हैं।

यदि योग्य छात्रों की संख्या आरक्षित स्थानों की संख्या से अधिक हो जाती है, तो आवंटन के लिए तरजीही क्रम छात्र के नेट बैंड और यादृच्छिक संख्या पर आधारित होगा जब तक कि सभी आरक्षित स्थान नहीं भरे जाते। दूसरी ओर, न इस्तेमाल किए गए सभी आरक्षित स्थान, यदि कोई हों, स्वचालित रूप से आवंटन के लिए खुले स्थानों के तौर पर उपयोग किए जाएंगे।

यदि किसी फीडर या नामांकित स्कूल के P6 छात्र को क्रॉस-नेट आवंटन के लिए स्वीकृति मिल जाती है, तो वह फीडर या नामांकित सेकेंडरी स्कूल (स्कूलों) के आरक्षित स्थान के लिए योग्य नहीं रहेगा।

**(3) प्र माता-पिता कैसे जान सकते हैं कि क्या उनके बच्चों के प्राइमरी स्कूल में फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल हैं या नहीं?**

उ माता-पिता हर साल सितंबर में प्रकाशित होने वाली प्राइमरी स्कूल की प्रोफाइल (प्रोफाइल) से प्रासंगिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एक प्राइमरी स्कूल के फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल (स्कूलों) को इसकी प्रोफाइल में सूचीबद्ध किया जाएगा। जानकारी के लिए अभिभावक सीधे प्राइमरी स्कूल से भी संपर्क कर सकते हैं।

**(4) प्र अपने फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल को आवंटित करने के लिए योग्य P6 छात्र के लिए, क्या उसे भाग A "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प" और भाग B "प्रतिबंधित स्कूल विकल्प" दोनों में फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल को अपने स्कूल विकल्पों में से एक के रूप में रखने की आवश्यकता है?**

उ CA चरण में, फीडर/नामांकित स्कूलों के लिए आरक्षित स्थान केवल भाग-B "प्रतिबंधित स्कूल विकल्पों" पर लागू होते हैं। माता-पिता को भाग-B में पहली पसंद के रूप में फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल को शामिल करना चाहिए। हालांकि, भाग-A में फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल को शामिल करना माता-पिता की खुद की इच्छा पर निर्भर करता है।

**(5) प्र क्या फीडर/नामांकित प्राइमरी स्कूल के योग्य छात्र/छात्रा को उनके फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल को आवंटित नहीं किया जाएगा?**

उ संबंधित छात्र अपने फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल में आरक्षित स्थान के लिए तभी पात्र हैं यदि वे नेट बैंड 1 या 2 में हैं और उन्होंने CA के भाग B "प्रतिबंधित स्कूल विकल्प" में फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल को अपनी पहली स्कूल पसंद के रूप में चुना है। यदि पात्र छात्रों की संख्या आरक्षित स्थानों की संख्या से अधिक है, तो आवंटन के लिए प्राथमिकता का क्रम छात्रों के नेट बैंड और उनकी यादृच्छिक संख्या पर आधारित होगा जब तक कि सभी आरक्षित स्थान नहीं भर जाते।

हालाँकि, ऐसे मामले भी हो सकते हैं जब छात्रों को फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल में आवंटित नहीं किया जाता है:

(क) छात्र नेट बैंड की आवश्यकता को पूरा नहीं करता है;

(ख) छात्र ने CA के भाग B "प्रतिबंधित स्कूल विकल्प" में आवश्यकतानुसार फीडर/नामांकित सेकेंडरी स्कूल को अपनी पहली स्कूल पसंद नहीं बनाया है;

(ग) पात्र फीडर/नामांकित P6 छात्रों की संख्या स्कूल के आरक्षित स्थानों से अधिक है;

(घ) छात्र ने सफलतापूर्वक किसी अन्य सेकेंडरी स्कूल में विवेकाधीन स्थान प्राप्त कर लिया है या उसे CA के भाग A "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प" में स्कूल स्थान आवंटित किया गया है;

(ङ) छात्र को क्रॉस-नेट आवंटन के लिए मंजूरी दे दी गई है।

## "थ्रू-ट्रेन" स्कूल

**(6) प्र "थ्रू-ट्रेन" स्कूल में पढ़ने वाले P6 छात्र के लिए S1 में प्रवेश करने के लिए क्या व्यवस्थाएं है?**

उ एक "थ्रू-ट्रेन" स्कूल का P6 छात्र सीधे उससे लिंक्ड सेकेंडरी स्कूल में जाने का विकल्प चुन सकता है। **यदि छात्र भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूल की DP या सेकेंडरी स्कूल स्थान आवंटन प्रणाली में भाग ना ले रहे डायरेक्ट सब्सिडी योजना के तहत सेकेंडरी स्कूलों के S1 स्थान (ओं) के लिए आवेदन करता है (NDSS सेकंडरी स्कूलों) (चाहे सफल हो या नहीं), या CA में भाग लेता है, तो उसको सीधे लिंक किए गए सेकेंडरी स्कूल का अधिकार रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

**(7) प्र क्या अन्य प्राइमरी स्कूलों के छात्रों को "थ्रू-ट्रेन" सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने का मौका मिलता है?**

उ सभी "थ्रू-ट्रेन" स्कूलों को इस सिद्धांत का पालन करने की आवश्यकता होती है कि लिंक किए गए सेकेंडरी स्कूल में S1 स्थानों की संख्या इनके लिंक्ड प्राइमरी स्कूल में P6 स्नातकों की संख्या से अधिक होनी चाहिए ताकि अन्य प्राइमरी स्कूलों के छात्रों को भी DP या CA में भाग लेने के ज़रिए आवेदन के माध्यम से प्रवेश दिया जा सके। "थ्रू-ट्रेन" सेकेंडरी स्कूलों, मौजूदा और नव-संचालित दोनों तरह के स्कूलों को, सैद्धांतिक रूप से DP या CA आवेदन के माध्यम से अन्य प्राइमरी स्कूलों के छात्रों को प्रवेश देने के लिए, पुनरावर्तक स्थानों की कटौती के बाद, S1 स्थानों की कुल संख्या का 15% से कम नहीं होनी चाहिए।

## डायरेक्ट सब्सिडी योजना सेकेंडरी स्कूल

**(8) प्र यदि माता-पिता अपने बच्चों को डायरेक्ट सब्सिडी योजना (DSS) सेकेंडरी स्कूल में भेजना चाहते हैं, तो उन्हें क्या ध्यान रखना चाहिए?**

उ माता-पिता ध्यान दें कि DSS सेकेंडरी स्कूल शुल्क ले सकते हैं। हो सकता है कि वह सेकेंडरी 3 के पूरा होने पर छात्रों को अपने स्वयं के DSS सेकेंडरी स्कूलों में सेकेंडरी 4 (S4) में पदोन्नत कर सकते हैं और शिक्षा ब्यूरो (EDB) द्वारा समर्थित अन्य स्कूलों में वह छात्र S4 में केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाएगा।

**(9) प्र भाग लेने वाले DSS सेकेंडरी स्कूलों के लिए, सरकारी, सहायता प्राप्त और कैपुट सेकेंडरी स्कूलों की तुलना में आवंटन व्यवस्था में क्या अंतर होते हैं?**

उ भाग लेने वाले DSS माध्यमिक विद्यालयों और सरकारी, सहायता प्राप्त और कैपुट माध्यमिक विद्यालयों के लिए आवंटन व्यवस्था मूल रूप से समान है, सिवाय इसके कि भाग लेने वाले DSS सेकेंडरी स्कूल अपने S1 स्थानों का 30% से अधिक DP के रूप में आरक्षित कर सकते हैं। स्कूलों को अभी भी भाग A "अप्रतिबंधित स्कूल विकल्प" के तहत आवंटन के लिए CA के लिए स्कूल स्थानों का 10% आरक्षित करना आवश्यक है। इसके अलावा, भाग लेने वाले DSS माध्यमिक विद्यालयों के S1 स्थानों को CA के भाग B "प्रतिबंधित स्कूल विकल्प" में "नो-च्वाइस-नो-आवंटन" सिद्धांत पर आवंटित किया जाता है। दूसरे शब्दों में, छात्रों को भाग लेने वाले DSS सेकेंडरी स्कूल में तब तक आवंटित नहीं किया जाएगा जब तक कि उन्होंने स्कूल को विकल्पों में से एक के रूप में शामिल नहीं किया हो।

**(10) प्र NDSS सैकंडरी स्कूलों के लिए प्रवेश प्रक्रिया क्या है?**

उ NDSS सैकंडरी स्कूलों के लिए, वे अपनी प्रक्रियाओं और कार्यक्रमों के अनुसार छात्रों को प्रवेश दे सकते हैं और उन्हें SSPA प्रणाली के माध्यम से छात्रों को आवंटित नहीं किया जाएगा। NDSS सैकंडरी स्कूलों की संख्या की कोई सीमा नहीं है, जिन के लिए छात्र आवेदन कर सकते हैं, और प्रवेश स्कूलों द्वारा निर्धारित मानदंडों पर आधारित होता है। NDSS सैकंडरी स्कूलों को अप्रैल 2026 के अंत तक भाग लेने वाले छात्रों की अपनी सफल सूचीयों EDB को प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है। NDSS सैकंडरी स्कूलों के प्रतिभागी छात्रों की सफल सूचियों में शामिल छात्रों को भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूलों के S1 स्थानों के साथ आवंटित नहीं किया जाएगा, जिसमें वे भी शामिल होगें जिन्हें सफल DP आवेदकों के रूप में चुना गया होगा।

## <u>गैर-चीनी भाषी छात्र</u>

**(11) प्र SSPA प्रणाली के तहत, गैर-चीनी भाषी (NCS) छात्रों के लिए आवंटन की क्या व्यवस्थाएं हैं?**

उ सभी योग्य छात्र, चाहे उनकी जाति या जन्म स्थान कुछ भी हो, SSPA प्रणाली के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के स्कूलों में प्रवेश के लिए समान अवसरों का फायदा उठा सकते हैं, जो निष्पक्ष और पारदर्शी है। दूसरे शब्दों में, सभी योग्य छात्रों (NCS छात्रों सहित) को उसी तंत्र के अनुसार S1 स्थान आवंटित किया जाएगा। वह DP चरण में किन्हीं दो भाग लेने वाले सेकेंडरी स्कूल में आवेदन कर सकते हैं। CA चरण में चयन के लिए, वे अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार भाग A में किसी भी स्कूल नेट से अधिकतम 3 सेकेंडरी स्कूल और भाग B में अपने स्वयं के स्कूल नेट से अधिकतम 30 सेकेंडरी स्कूल चुन सकते हैं।

**(12) प्र मौजूदा आवंटन व्यवस्था के तहत, NCS के छात्रों को स्कूल का चुनाव कैसे करना चाहिए?**

उ माता-पिता (NCS छात्रों के माता-पिता सहित) को स्कूल के सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए, जैसे इसके शैक्षिक तत्त्वज्ञान, संस्कृति, धर्म, कक्षा संरचना, विकास और संचालन, और यह पता लगाने के लिए कि यह उनके बच्चों की विशेषताओं, व्यक्तित्व, क्षमताओं और रुचियों को ध्यान में रखते हुए उनकी जरूरतों को पूरा कर सकतै है या नहीं, जिससे एक उपयुक्त स्कूल विकल्प चुना जा सकता है। माता-पिता उनके बच्चों के प्राथमिक स्कूलों से सलाह ले सकते हैं और अधिक विवरण के लिए स्कूल के होमपेज पर जा सकते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के स्कूलों को चुनने में NCS छात्रों के माता-पिता की सहायता के लिए, विभिन्न जातियों की प्रमुख भाषाओं में प्रवेश के बारे में जानकारी उपलब्ध है। इसके अलावा, NCS छात्रों के माता-पिता के लिए एक साथ दुभाषिया सेवाओं के साथ समर्पित ब्रीफिंग सत्र सालाना आयोजित किए जाते हैं।

NCS छात्रों के माता-पिता को अपने बच्चों के लिए स्कूल चुनने में मदद करने के लिए, होम-स्कूल सहयोग समिति ने NCS छात्रों के माता-पिता को प्रासंगिक स्कूल जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करने के लिए सेकेंडरी स्कूल प्रोफाइल का अंग्रेजी संस्करण प्रकाशित किया है। NCS छात्रों को प्रवेश देने वाले और स्थानीय पाठ्यक्रम पेश करने वाले सभी सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित सेकेंडरी स्कूल को NCS छात्रों की चीनी भाषा सीखने को बढ़ाने और स्कूलों में एक समावेशी शिक्षण वातावरण के निर्माण के लिए पेश किए जाने वाले अतिरिक्त सहायता उपायों को सेकेंडरी स्कूल प्रोफाइल में निर्दिष्ट करना आवश्यक है।

**(13) प्र EDB द्वारा NCS छात्रों के लिए चीनी सीखने की सुविधा के लिए सहायता के उपाय क्या हैं?**

उ सरकार NCS छात्रों के समुदाय में एकीकरण को प्रोत्साहित करने और समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें स्थानीय शिक्षा प्रणाली में उनके शीघ्र अनुकूलन और चीनी भाषा में निपुणता हासिल करने की सुविधा भी शामिल है। EDB, NCS छात्रों को पाठ्यक्रम विकास, सीखने और सिखाने के संसाधन, शिक्षक प्रशिक्षण, पेशेवर सहायता, अतिरिक्त वित्त पोषण, बहु-मार्गीय, माता-पिता की शिक्षा और माता-पिता के लिए समर्थन आदि सहित विविध रणनीतियों के माध्यम से पूर्व-प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक सर्वव्यापी शिक्षण का समर्थन प्रदान कर रहा है, ताकि NCS छात्रों को चीनी भाषा में महारत हासिल करने और समुदाय में एकीकृत करने में मदद मिल सके।

उपरोक्त के अतिरिक्त, 2023 नीति संबोधन में , NCS छात्रों के समुदाय में एकीककरण के लिए चीनी भाषा में निपुणता हासिल करने में सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न उपायों की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें ऑनलाइन स्व-शिक्षण संसाधनों के तहत विविध शिक्षण सामग्री और निम्न प्राथमिक NCS छात्रों के लिए अनुकूलित शिक्षण सामग्री के साथ स्कूल के बाद चीनी भाषा पाठ्यक्रम की पेशकश करना; संपूर्ण प्राथमिक स्तर को कवर करने के लिए समर ब्रिजिंग प्रोग्राम का विस्तार करना; और उन्नत स्कूल-आधारित जीवन नियोजन सहायता सेवाएँ शामिल हैं, जो सभी निर्धारित समय पर पूरी हो गई हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी के 2024 के नीतिगत संबोधन में NCS छात्रों के लिए चीनी भाषा को सीखने में सहायता और अभिभावकीय सहायता को मजबूत करने की घोषणा की गई, जिसमें स्कूल के बाद चीनी भाषा के पाठयक्रम और ऑनलाइन स्व-शिक्षण संसाधनों के संवर्धन के साथ-साथ स्कूल-व्यापी शिक्षक शिक्षण समुदाय आदि की पहल शामिल हैं। EDB, NCS माता-पिता की जरूरतों को पूरा करने वाले और भी विविध अभिभावकीय शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करना जारी रखेगा। इसके अलावा, EDB ने नवंबर 2024 में NCS छात्रों के माता-पिता के लिए एक अभिभावकीय शिक्षा संसाधन पुस्तिका शुरू की है ताकि अपने बच्चों की चीनी भाषा में निपुणता और संपूर्ण व्यक्तित्व विकास करने में उन्हें मदद मिल सके।

समर्थन उपायों के विवरण के लिए, कृपया EDB webpage पर जाएं।

स्कूल स्थान आवंटन अनुभाग
शिक्षा ब्यूरो
सितंबर 2025